प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 11.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त 13 मार्च को जारी की जायेगी। इससे देशभर के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। इन किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 640 करोड़ रूपये से ज्यादा की राशि का हस्तान्तरण किया जायेगा। इस योजना के तहत पात्र किसानों के बैंक खातों में सालाना 6 हजार रूपये की राशि दो–दो हजार रूपये की तीन किस्तों के रूप में डीबीटी की जाती है। इससे देशभर के छोटे और मझले किसानों को खाद, बीज पर खर्च के लिए आर्थिक सहायता मिलती है।

0000

प्रदेश में लगातार बढ रही गर्मी और कुछ स्थानों पर हीटवेव की खबरों के बीच राहत की बात यह है कि 14 मार्च से मौसम बदल सकता है। मौसम विभाग ने राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना से जताई है। इसके असर से 14 मार्च को 19 जिलों में आंधी, बारिश और ओले का येलो अलर्ट बताया गया है। इससे दिन के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने और तेज गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। इस बीच आज बाडमेर और जैसलमेर दो जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। बीते 24 घंटों में 40 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बाडमेर सबसे गर्म रहा। इससे हल्की से मध्यम हीटवेव महसूस की गई। वहीं पिलानी, चित्तौडगढ, चूरू, जोधपुर और जैसलमेर में पारा 38 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज हुआ। मार्च महीने में ही पड रही तेज गर्मी ने किसानों की चिंता बढा दी है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण सब्जी की फसलों के झुलसने की आशंका है। इसे देखते हुए कृषि विभाग की ओर से किसानों को हल्की सिंचाई करने की सलाह दी गई है। झुंझुनूं जिले की कृषि अधिकारी सविता ने किसानों को फसलों के बचाव के लिए खेतों में छाया करने को कहा है।

.....

0000

मुख्यमंत्री भजनल लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को शीतलाष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दी है। अपने सोशल मीडिया संदेश में श्री शर्मा ने माता शीतला के आर्शीवाद से सभी के लिए सुख समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति की कामना की है। प्रदेशभर में शीतलाष्टमी का पर्व आज श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। ये पर्व ऋतु परिवर्तन से जुडा है। इस अवसर पर शीतला माता का पूजन कर उन्हें एक दिन पहले बनाये गये पकवानों का भोग लगाया जाता है। इसके साथ ही सुख समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की जाती है। इसे बास्योडा भी कहा जाता है। शीतलाष्टमी के अवसर पर कई स्थानों पर मेले भरे है। जयपुर के चाकसू स्थित शील की डूंगरी का मुख्य लक्खी मेला आज भर रहा है।

0000

राजस्थान पुलिस की ओर से छात्राओं को साईबर सुरक्षा और कानूनी अधिकारों की जानकारी देने के लिए कल एक विशेष ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस लता मनोज कुमार ने बताया कि ये कार्यक्रम वेबेक्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से होगा। इसमें स्कूल और कॉलेज में पढने वाले ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को शामिल किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके जरिये साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढाने और महिला सुरक्षा के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। दो सत्रों में होने वाले इस कार्यक्रम में नये आपराधिक कानूनों और महिला सुरक्षा से जुडे महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया जायेगा।

0000

प्रसार भारती का ऑडियो–विजुअल प्रसारण और प्रसार मंच–पीबीदृशब्द अगले साल मार्च तक निशुल्क समाचार सामग्री उपलब्ध कराता रहेगा। मंत्रालय ने बताया है कि पीबी–शब्द के माध्यम से उपलब्ध कराई गई सामग्री लोगो रहित है और इसका उपयोग करते समय पीबीदृशब्द को किसी क्रेडिट की आवश्यकता नहीं है। ये सेवा साल 2024 में साझा फीड के रूप में शुरू की गई थी। इसके जरिये प्रसार भारती मीडिया संगठनों को ऑडियो, वीडियो, टेक्स्ट और फोटोसहित विभिन्न प्रारूपों में दैनिक समाचार उपलब्ध कराता है।

0000